सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-599
03/12/2017

मुख्यमंत्री ने लक्षद्वीप में चक्रवात 'ओखी' से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की

- मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ रूपये की सहायता राशि लक्षद्वीप के चक्रवात प्रभावितों के सहायतार्थ भेजने का निर्णय

पटना, 03 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लक्षद्वीप में चक्रवात 'ओखी' से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ रूपये की सहायता राशि लक्षद्वीप सरकार को चक्रवात 'ओखी' से प्रभावित लोगों के सहायतार्थ भेजने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिहार की जनता दुख की इस घड़ी में लक्षद्वीप की जनता के साथ है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिहार सरकार के प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत ने लक्षद्वीप के सचिव, आपदा प्रबंधन एवं अन्य वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से सम्पर्क कर चक्रवातीय आपदा से प्रभावित लोगों के बारे में जानकारी ली और आपदा प्रबंधन विभाग उनके निरंतर सम्पर्क में है।

******